




**टी20 विश्व कप और वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन टीम के रहे है हिस्सा**

भज्जी भारत के टी20 विश्व कप और वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन टीम के हिस्सा रहे हैं। टीम इंडिया ने 2007 में टी20 और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। उस समय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। हरभजन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच साल 2016 में यूएई के खिलाफ टी20 मैच खेला था। भज्जी को आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ में केकेआर की ओर से खेलते हुए देखा जा सकता है।

## दूसरी बार पिता बने हरभजन, गीता बसरा ने दिया बेटे को जन्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह दूसरी बार पिता बने हैं। भज्जी की पत्नी गीता बसरा ने बेटे को जन्म दिया है। टीम इंडिया में टर्बनेटर के नाम से मशहूर हरभजन ने इसकी जानकारी शनिवार को सोशल मीडिया पर दी।

हरभजन और गीता की पहले एक बेटी है जिसका नाम हिनाया है। हिनाया का जन्म 2016 में हुआ था। हरभजन ने ट्वीट किया, एक स्वस्थ बच्चे के साथ हमें आशीर्वाद देने के लिए ईश्वर का शुक्रिया। गीता और बेटा दोनों स्वस्थ हैं। हरभजन सिंह और गीता बसरा की शादी 29 अक्टूबर 2015 में हुई थी। दोनों जालंधर में एक दूसरे के हुए थे। हरभजन टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय हैं। उन्हें आखिरी बार मैदान पर आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 2021 सीजन में देखा गया था। आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ का आयोजन इस साल सितंबर में यूएई में होगा।

# भारत और श्रीलंका सीरीज के शेड्यूल में हुआ बदलाव

**क्रिकेट**

## दोनों टीमों के बीच अब 13 की जगह 18 जुलाई को खेला जाएगा पहला वनडे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शिखर धवन की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत अब 13 की बजाए 18 जुलाई से होगी। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव जयशाह ने शनिवार को दी। यह बदलाव मेजबान श्रीलंकाई टीम के शिविर में कोविड–19 मामले आने के बाद किया गया है। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसएलसी के परामर्श से यह निर्णय लिया गया है। श्रीलंका टीम में कोरोना के मामले सामने आने के बाद सीरीज को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

समाचार एजेंसी एएनआई ने जयशाह के हवाले से ट्वीट किया, श्रीलंकाई कैंप में कोविड–19 के मामले आने से भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 18 जलाई से होगी। तीन मैचों की वनडे सीरीज जिसे 13 जुलाई से शुरू होनी थी वो अब 18 जुलाई से हो होगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि खिलाड़ी खुद की सुरक्षा के लिए कुछ और दिन क्वारंटीन पीरियड में रहें। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच ग्रांट फ्लावर और टीम के परफॉर्मेंस विश्लेषक इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। निरोशन के पॉजिटिव होने की पुष्टि शुक्रवार को हुई जबकि फ्लावर गुरुवार को पॉजिटिव आए थे और



यह टीम के इंग्लैंड से लौटने के 48 घंटे बाद पता चला। क्वारंटीन में रह रहे अन्य सभी खिलाड़ियों की भी जांच कराई गई है। नेगेटिव आने से पहले श्रीलंकाई टीम को स्वदेश लौटने के बाद अपनी पीसीआर जांच के नतीजों का बेसब्री से इंतजार करना पड़ा क्योंकि रविवार को ब्रिस्टल में दौरे के अंतिम मैच के बाद इंग्लैंड टीम में कई खिलाड़ी कोविड–19 पॉजिटिव आए थे।

**भारतीय टीम इस प्रकार हैः** शिखर धवन (कप्तान), पृथ्वी साव, देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, नितीश राणा, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, राहुल चाहर, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, भुवनेश्वर कुमार (उपकप्तान), दीपक चाहर, नवदीप सैनी, चेतन सकारिया। नेट गेंदबाजरू ईशान पोरेल, संदीप वारियर, अर्शदीप सिंह, साई किशोर, सिमरजीत सिंह।

# भारतीय महिला विकेटकीपर ने धौनी स्टाइल में की स्टंपिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम भले इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी20 हार गई हो बावजूद इसके हरलीन देओल की कमाल की फील्डिंग और युवा विकेटकीपर रिचा घोष की विकेटकीपिंग की जमकर सराहना हो रही है।

वर्षा से बाधित मैच में मेजबान इंग्लैंड ने भारत को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 18 रन से पराजित कर दिया। भारत की ओर से इंग्लैंड की पारी का 19वां ओवर पेसर शिखा पांडे डाल रही थीं। इस ओवर के छठी और आखिरी गेंद पर इंग्लैंड की बल्लेबाज सोफिया डंकले ने शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन बीट हो गईं।

गेंद विकेटकीपर रिचा के



दस्ताने में समा चुकी थी और उन्होंने पलक झपकते ही एमएस धोनी की तरह डंकले की गिल्लियां बिखेर दीं। डंकले को कुछ देर तक समझ नहीं आया कि वह आउट हो चुकी हैं। हालांकि फील्ड अंपायर को भी समझ नहीं आ रहा था कि बल्लेबाज आउट है या नॉटआउट। ऐसे में मैदानी अंपायर ने थर्ड अंपायर को रेफर किया। टीवी अंपायर ने सभी तरह से देखने के बाद बल्लेबाज को आउट करार दिया।

डंकले भारी मन से क्रीज से बाहर निकलीं। हालांकि इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी अपनी बिजली जैसी तेजी से कई बार इंटरनैशनल क्रिकेट में बल्लेबाजों को पवेलियन भेज चुके हैं। धोनी जिस तेजी से स्टंपिंग करते थे उसका उदाहरण आज भी दिया जाता है।

**हरलीन ने एमी के कैच को बाउंड्री के नजदीक लपकाः** इससे पहले हरलीन ने आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर एमी जोंस का हवा में कैच लपककर खूब सुर्खियां बटोरी थी। एमी को हरलीन ने अर्धशतक बनाने से रोक दिया। हरलीन ने दो किस्तो में कैच लपका। उन्होंने जब देखा कि संतुलन बिगड़ रहा है तो गेंद को बाउंड्री के अंदर हवा में उछाल दिया और फिर बाउंड्री के अंदर आकर डाइव लगाते हुए उसे कैच किया।

## महेंद्र सिंह धौनी की वजह से छोड़ सकते हैं आईपीएल में खेलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दो धुरंधर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने एक साथ इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा। पिछले साल 15 अगस्त को धौनी ने अचानक संन्यास की घोषणा कर सबको चौंकाया और इसके तुरंत बात ही रैना ने भी अपने पूर्व कप्तान की जमात में शामिल होने ऐलान कर दिया। अब रैना ने एक और बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कर दिया अगर धौनी अगले आइपीएल में नहीं खेलेंगे तो वह भी संन्यास ले लेंगे। धौनी और रैना ने आइपीएल की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलना शुरू किया था। इसके बाद जब टीम को दो साल के लिए निलंबित किया गया तो धौनी पुणे सुपर जाइंट्स की तरफ से खेले जबकि रैना को गुजरात लॉयन्स का कप्तान बनाया गया। सीएसके की टीम की जब आइपीएल में वापसी हुई तो दोनों ही धुरंधर ने खिताबी जीत के साथ जश्न मनाया। रैना ने कहा, मेरे अंदर अभी भी चार पांच साल का क्रिकेट बचा हुआ है।

## न्यूज डायरी



## रणजी में 400 विकेट लेने वाले पहले पेसर ने लिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज पंकज सिंह ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है। राजस्थान की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले पंकज ने शनिवार से तुरंत प्रभाव से क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने इसकी जानकारी जयपुर में राजस्थान क्रिकेट असोसिएशन को लेटर के जरिए दी। 36 वर्षीय पंकज ने राजस्थान की ओर से डोमेस्टिक क्रिकेट में कई उपलब्धियां दर्ज की। लंबे कद के पंकज का लंबा कद उनकी तेज गेंदबाजी को सूट करता था। उन्होंने साल 2004 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पंकज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आरसीए को भेजे रिटायरमेंट लेटर को अपलोड किया है। आईपीएल में पंकज राजस्थान रॉयल्स की ओर से साल 2008 में खेल चुके हैं। इसके बाद वह रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के साथ भी जुड़े थे। हालांकि आईपीएल करियर पंकज के लिए कुछ खास नहीं रहा।

## मैं जहीर खान को गालियां देता था कि तुमने मुझे ओपनर क्यों बनवा दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज विरेंदर सहवाग को ओपनिंग का मौका तत्कालीन कप्तान सौरव गांगुली ने दिया था। हालांकि इसके लिए पूर्व पेसर जहीर खान ने गांगुली को अप्रोच किया था। सहवाग ने इस बात का खुलासा बंगाल के लोकप्रिय टीवी शो दादागिरी अनलिमिटेड के विशेष शो दादा तुम्हे सलाम में किया था। इस शो की मेजबानी खुद शप्रिंस ऑफ कोलकाताश यानी गांगुली कर रहे थे। सहवाग ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, साल 1999 से लेकर 2000 तक मैंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला और रन बनाए। और जब मैं वापस आया तो मेरे कप्तान सौरव गांगुली थे और उन्होंने ही मेरा चयन किया था। दिसंबर 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ। और मौके भी दिए इन्हें बहुत मुझे। 15–20 इनिंग में तो रन ही नहीं बने बावजूद इसके उन्होंने मुझे सपोर्ट किया। इसका सारा श्रेय गांगुली को जाता है जिन्होंने मुझे इतने मौके दिए।

## रसेल को 10 साल तक करना पड़ा पहले अर्धशतक के लिए इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आंद्रे रसेल के पहले टी20 इंटरनैशनल हाफ सेंचुरी के बाद पेसर ओबेड मैकॉय और हेडन वॉल्स की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 18 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली है। ग्रोस आइलेट में खेले गए इस मुकाबले में मेजबान विंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 145 रन बनाए। आंद्रे रसेल ने 28 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेली जिसमें 3 चौके और 5 छक्के शामिल थे। पाकिस्तान के खिलाफ 2011 में टी20 इंटरनैशनल क्रिकेट की शुरुआत करने वाले रसेल को पहले अर्धशतक के लिए 10 साल लग गए। रसेल ने पेसर मिशेल स्टार्क की गेंद पर छक्का जड़ अपना पहला पचासा पूरा किया। ओपनर लेंडल सिमंस 28 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए वहीं शिमरोन हेटमेयर ने 25 गेंदों पर 20 रन बनाए।

## जोकोविच और बेरेटेनी में फाइनल शो, वर्ल्ड नंबर वन की नजर 20वें ग्रैंड स्लैम पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मौजूदा चैंपियन वर्ल्ड नंबर वन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के फाइनल में जगह बना ली है। जोकोविच खिताबी मुकाबले में रविवार को इटली के मैटियो बेरेटिनी से भिड़ेंगे। जोकोविच ने देर रात खेले गए पुरुष सिंगल्स के दूसरे सेमीफाइनल में कनाडा के खिलाड़ी डेनिस शापावालोव को सीधे सेटों में 7–6(3) 7–5 7–5 से पराजित कर 7वीं बार इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम के फाइनल का टिकट कटाया। टॉप सीड जोकोविच ग्रैंड स्लैम करियर के 41वें सेमीफाइनल मैच में उतरे थे। जोकोविच 5 बार विंबलडन खिताब अपने नाम कर चुके हैं।